भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2441

सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण 1948 (शक)

ई-श्रम पोर्टल पर पंजाब के असंगठित श्रमिक

†2441. डॉ. राज कुमार चब्बेवाल:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ई-श्रम पोर्टल पर पंजाब के पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) कृषि श्रमिकों, निर्माण श्रमिकों, घरेलू श्रमिकों, गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिकों तथा प्रवासी श्रमिकों सहित ऐसे पंजीकृत श्रमिकों का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) सहित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ ई-श्रम डेटा को एकीकृत किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न केंद्रीय कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने वाले पंजाब के पंजीकृत श्रमिकों की वर्ष-वार और जिला-वार संख्या कितनी है; और

(ङ) सरकार द्वारा पंजाब के असंगठित श्रमिकों के पंजीकरण में वृद्धि करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ङ): श्रम और रोजगार मंत्रालय ने प्लेटफॉर्म कामगारों, प्रवासी कामगारों आदि सहित असंगठित कामगारों का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस (एनडीयूडब्ल्यू) बनाने के लिए दिनांक 26 अगस्त, 2021 को ई-श्रम पोर्टल (eshram.gov.in) का शुभारंभ किया है। ई-श्रम पोर्टल गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों सहित असंगठित कामगारों को पंजीकृत करता है और उन्हें स्व-घोषणा के आधार पर एक सार्वभौमिक खाता संख्या (यूएएन) प्रदान करता है। ई-श्रम पोर्टल पर अब तक 31.82 करोड़ से अधिक असंगठित कामगारों का पंजीकरण किया जा चुका है।

पंजाब में ई-श्रम पोर्टल पर 60.36 लाख से अधिक असंगठित कामगारों का पंजीकरण किया जा चुका है, जिसमें 22,272 प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगार शामिल हैं।

पंजाब में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों का जिला-वार और व्यवसाय श्रेणी-वार ब्यौरा क्रमशः संलग्नक-I और संलग्नक-II में है।

जारी-2/--

बजट घोषणा 2024-25 के विजन के अनुरूप, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को ई-श्रम-"वन-स्टॉप-सॉल्यूशन" (एकल समाधान) का शुभारंभ किया है, जिसके अंतर्गत एक ही पोर्टल पर विभिन्न सामाजिक सुरक्षा/कल्याणकारी योजनाओं का एकीकरण शामिल है और यह ई-श्रम पर पंजीकृत असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुँच प्राप्त करने तथा ई-श्रम के माध्यम से अब तक उनके द्वारा प्राप्त किए गए लाभों को देखने में सक्षम बनाता है।

अब तक विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों की पंद्रह (15) योजनाओं को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत/मैप किया जा चुका है, ताकि ई-श्रम कार्डधारकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ और पहुँच प्रदान की जा सके, जिनमें प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वनिधि), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जीआरएएमजी), प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू), प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान), वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) आदि शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, ई-श्रम का रोजगार के अवसरों के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस), कौशल विकास के लिए स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), पेंशन के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अभिसरण पोर्टल के साथ संबद्धता है, ताकि ई-श्रम कार्डधारक अतिरिक्त सेवाओं का लाभ उठाने में सक्षम हों।

पंजाब में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत नामांकित असंगठित कामगारों का जिला-वार विवरण संलग्नक-III में है।

पंजाब सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में असंगठित कामगारों का व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने और ई-श्रम पहल के तहत पंजीकरण बढ़ाने के लिए सरकार ने एक व्यापक कार्यनीति अपनाई है। वेब पोर्टल और मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से स्व-पंजीकरण को सक्षम बनाने के अलावा, कामगारों के लिए सुलभ पहुँच को सुविधाजनक बनाने हेतु सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी), राज्य सेवा केंद्रों (एसएसके) और उमंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से सहायता-प्राप्त पंजीकरण पद्धति शुरू की गई है। श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा लक्षित जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें पंजीकरण अभियान, सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम और स्थानीय स्तर पर तैयार की गई संचार सामग्रियां शामिल हैं। अपनी पहुँच को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए, मंत्रालय वीडियो, ट्यूटोरियल और अन्य सूचनात्मक सामग्री प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया चैनलों का उपयोग करता है, जिससे यह पहल अधिक सुलभ और आकर्षक बन सके।

*** ******

संलग्नक-I

ई-श्रम पोर्टल पर पंजाब के असंगठित श्रमिक के संबंध में डॉ. राज कुमार चब्बेवाल द्वारा दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2441 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक है।:

दिनांक 27.07.2026 की स्थिति के अनुसार पंजाब में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों का जिला-वार ब्यौरा-

जिला	**पंजीकरण गणना**
होशियारपुर	3,23,248
संगरूर	3,72,972
लुधियाना	8,96,697
पठानकोट	1,48,512
मोगा	1,81,519
गुरदासपुर	3,00,927
तरन तारन	2,15,206
फिरोजपुर	2,44,210
पटियाला	4,89,944
फतेहगढ़ साहिब	1,51,350
श्री मुक्तसर साहिब	2,08,041
एस.ए.एस. नगर	2,37,897
मानसा	1,69,120
जालंधर	3,79,696
फरीदकोट	1,21,547
अमृतसर	4,36,836
रूपनगर	1,67,171
कपूरथला	1,31,251
भटिंडा	2,62,908
बरनाला	1,20,979
मालेरकोटला	10,927
शहीद भगत सिंह नगर	1,23,806
फाजिल्का	3,42,209

*****

संलग्नक- II

" ई-श्रम पोर्टल पर पंजाब के असंगठित श्रमिक" के संबंध में डॉ. राज कुमार चब्बेवाल द्वारा दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2441 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

27.07.2026 की स्थिति के अनुसार पंजाब में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत कृषि कामगारों, सन्निर्माण कामगारों और घरेलू कामगारों सहित असंगठित कामगारों का व्यवसाय श्रेणी-वार ब्यौरा।

व्यवसाय	**पंजीकरण गणना**
कृषि	14,44,207
वेश-भूषा	6,78,354
ऑटोमोबाइल और परिवहन	1,94,845
बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा	917
सौंदर्य और स्वास्थ्य लाभ	95,992
पूंजीगत वस्तुएं और विनिर्माण	2,10,646
विनिर्माण	9,73,242
घरेलू और हाउसहोल्ड कामगार	9,28,283
शिक्षा	1,18,690
इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर	66,856
खाद्य उद्योग	39,717
रत्न और आभूषण	14,438
कांच और सिरामिक्स	2,186
हस्तशिल्प और कालीन	30,355
स्वास्थ्य देखभाल	75,221
चमड़ा उद्योग	1,29,375
खनन-उद्योग	11,132
विविध	5,46,201
संगीत वाद्ययंत्र	3,050
कार्यालय प्रशासन और सुविधा प्रबंधन	92,808
संगठित खुदरा	4,345
मुद्रण	14,803
निजी सुरक्षा	16,693
पेशेवर	8,386
खुदरा	93,467
सेवा	8,348
वस्त्र और हथकरघा	3,964
तंबाकू उद्योग	254
पर्यटन और आतिथ्य	2,24,268
लकड़ी और बढ़ईगीरी	5,930

संलग्नक- **III**

दिनांक 27.07.2026 की स्थिति के अनुसार पंजाब में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत नामांकित असंगठित कामगारों का जिला-वार ब्यौरा।

जिला	ओएनओआरसी	पीएम-स्वनिधि	डीबी-जी आरएएम जी	पीएमएवाई-जी	आईजीएनडीपीएस	आईजीएनडब्ल्यूपीएस	पीएमएवाई-यू	पीएमएमएसवाई	पीएमजेजेबीवाई	पीएमएसबीवाई	पीएमजेएवाई	पीएमकिसान	पीएमएमवीवाई
अमृतसर	3,26,734	10,051	22,735	271	55	85	727	6	26,583	1,00,773	1,95,598	6,968	4,976
बरनाला	81,531	1,401	15,204	269	9	38	786	0	10,636	35,447	60,034	6,695	2,253
बठिंडा	2,07,491	5,227	37,504	240	68	59	1,466	0	20,435	86,278	1,35,301	12,074	5,608
फरीदकोट	98,919	1,257	25,215	191	28	139	231	1	10,324	37,240	63,367	5,067	2,352
फतेहगढ़ साहिब	1,24,222	1,380	23,539	795	40	118	415	1	15,614	42,775	90,225	6,841	1,866
फाजिल्का	2,75,972	2,059	1,03,718	1,711	87	92	275	0	29,511	75,543	1,81,070	19,701	6,238
फिरोजपुर	2,05,559	1,884	42,018	1,376	135	182	525	1	19,309	55,958	1,20,478	14,507	6,486
गुरदासपुर	2,38,331	1,873	21,682	311	26	141	471	0	21,112	64,286	1,62,222	8,490	9,767
होशियारपुर	2,45,555	2,607	33,629	819	14	115	299	2	27,703	82,021	1,69,107	16,029	8,826
जालंधर	2,75,285	6,324	18,168	995	24	36	2,492	0	24,188	1,04,991	2,02,139	7,390	3,564
कपूरथला	1,01,875	1,869	13,018	346	11	46	123	1	12,066	37,272	63,728	3,291	2,596
लुधियाना	6,25,194	15,643	44,858	3,194	50	154	1,041	3	55,368	2,32,467	4,11,237	30,095	7,198
मालेरकोटला	6,618	88	171	4	0	1	18	0	255	1,364	1,727	87	1,678
मानसा	1,25,921	1,758	31,298	1,065	78	213	521	2	14,337	47,871	88,147	11,601	4,976
मोगा	1,39,343	2,412	31,868	120	32	62	445	1	17,181	47,945	84,161	6,445	5,125
पठानकोट	1,22,958	841	11,366	287	15	117	595	0	13,944	35,141	94,902	5,270	4,024
पटियाला	3,69,507	7,991	57,848	1,013	119	292	1,312	10	51,469	1,44,552	2,41,362	20,568	5,501
रूपनगर	1,33,830	1,281	18,889	409	32	66	131	2	17,224	34,317	93,701	10,842	3,654
एस.ए.एस. नगर	1,65,889	3,706	11,279	926	17	50	878	0	21,642	54,829	1,12,375	7,702	2,688
संगरूर	2,86,392	3,805	49,496	276	108	391	767	2	34,247	1,00,716	1,94,870	18,666	6,884
शहीद भगत सिंह नगर	1,00,311	804	18,864	158	17	91	218	1	10,591	39,875	67,796	3,917	2,633
श्री मुक्तसर साहिब	1,70,932	1,600	52,235	1,727	37	111	465	13	15,092	55,951	1,18,910	10,675	5,077
तरन तारन	1,70,000	1,042	21,548	522	30	78	180	0	13,377	46,338	96,932	6,159	5,351

*****